# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित

भोपाल परिसर, संस्कृत मार्ग बागसेवनिया, भोपाल मध्य प्रदेश – 462043

Tel.(o) 0755-2418043 , E-mail : director-bhopal@csu.co.in

**No. F.4 (414)/CSU/BC/Admin/Misc-Orders/2025/1515** **दिनांक**:- 16.12.2025

## सूचना-2025/240

**विषय: निदेशक कार्यालय, भोपाल परिसर की आधिकारिक ई-मेल में बदलाव के संबंध में।**

**Subject: Change of Official Email ID of the Director Office, Bhopal Campus-reg.**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, मुख्यालय की अधिसूचना दिनांक 04.12.2025 के अनुपालन में भोपाल परिसर के निदेशक कार्यालय की वर्तमान ई-मेल आईडी director-bhopal@csu.co.in को परिवर्तित कर विश्वविद्यालय के आधिकारिक डोमेन के अंतर्गत नई ई-मेल आईडी director-bhopal@sanskrit.ac.in पर कर दिया गया है।

इस संबंध में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, मुख्यालय कार्यालय के समस्त अनुभागों/विभागों/इकाइयों, विश्वविद्यालय के समस्त परिसरों के निदेशकों, भोपाल परिसर के प्राध्यापकों, कर्मचरियों, विद्यार्थियों एवं अन्य सभी हितधारकों से अनुरोध है कि भोपाल परिसर से संबंधित समस्त आधिकारिक पत्राचार, संचार, दस्तावेजों के आदान-प्रदान एवं अन्य सभी विषयों के लिए केवल नए ई-मेल आईडी director-bhopal@sanskrit.ac.in का ही उपयोग सुनिश्चित करें।

वर्तमान में कार्यरत @csu.co.in डोमेन वाली ई-मेल आईडी director-bhopal@csu.co.in केवल मार्च 2026 तक ही सक्रिय रहेगी, जिसके उपरान्त इसे निष्क्रिय कर दिया जाएगा। किसी भी प्रकार की असुविधा अथवा संचार में व्यवधान से बचने हेतु सभी संबंधितों को सलाह दी जाती है कि वे भविष्य में केवल नए ई-मेल आईडी के माध्यम से ही पत्राचार करें।

**नई ई-मेल (परिवर्तित ई-मेल)** : director-bhopal@sanskrit.ac.in

**(प्रो. हंसधर झा)**
**(निदेशक)**

**प्रतिलिपि:**

1. कुलपति महोदय के निजी सचिव, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
2. कुलसचिव कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
3. वित्त अधिकारी, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
4. परीक्षा नियंत्रक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
5. पुस्तकलायाध्यक्ष, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
6. प्रशासन/ वित्त/ शैक्षणिक /पब्लिकैशन विभाग/योजना एवं परियोजना विभाग/आदर्श विभाग/विक्रय विभाग/ मुक्त स्वाध्याय पीठ/ शोध एवं प्रकाशन विभाग, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
7. भोपाल परिसर के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्रगण
8. समन्वयक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, भोपाल परिसर
9. तकनीकि सहायक, भोपाल परिसर – परिसर की वेबसाईट पर अपलोड हेतु।

**(निदेशक)**

F. No – CSU/Pro-Sec/Domain/2025/13

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**

**Central Sanskrit University**

जनकपुरी, नई दिल्ली

Janakpuri, New Delhi

(परियोजना विभाग/Project Section)

दिनांक/Date: 04-12-2025

**अधिसूचना/Notifcation**

**विषय: विश्वविद्यालय के डोमेन (sanskrit.ac.in) आधारित ई-मेल आईडी के अनिवार्य उपयोग के संबंध में।**

यह सूचित किया जाता है कि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी सम्बद्ध अधिकारियों/ कर्मचारियों/ छात्रों के लिए CSU के डोमेन @sanskrit.ac.in पर आधारित ई-मेल आईडी उपलब्ध करवाई गई है। इस सुविधा का उद्देश्य विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को एकीकृत, सुरक्षित तथा आधिकारिक ई-मेल प्रणाली उपलब्ध कराना है।

वर्तमान में कार्यरत @csu.co.in डोमेन वाली मेल मार्च 2026 तक सक्रिय रहेगी। इसके बाद इस डोमेन वाली मेल को निष्प्रभावी किया जाना है। उक्त अवधि के उपरान्त होने वाली असुविधा से बचने के लिए @sanskrit.ac.in डोमेन वाली मेल के उपयोग को प्रभावी बनाएं। अतः अविलंब विश्वविद्यालय से संबंधित सभी आधिकारिक पत्राचार, संचार, दस्तावेजों का आदान-प्रदान एवं दैनिक कार्य हेतु केवल @sanskrit.ac.in से निर्मित ई-मेल आईडी का उपयोग किया जाना अनिवार्य है।

इस पत्र के साथ आपके परिसर के सभी अधिकारियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की ई-मेल आईडी की सूची संलग्न की गई है। कृपया इसके संदर्भ में अपने परिसर/विभाग के सभी कर्मचारियों को अवगत कराएँ तथा सुनिश्चित करें कि वे तुरंत प्रभाव से आधिकारिक पत्राचार एवं सभी सरकारी संचार हेतु उक्त विश्वविद्यालय डोमेन आधारित ई-मेल आईडी का प्रयोग प्रारंभ करें।

नये डोमेन @sanskrit.ac.in के लॉगिन अथवा ई-मेल सेटअप में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान हेतु परिसर के तकनीकी सहायक या विश्वविद्यालय के आई.टी. प्रकोष्ठ/प्रोजेक्ट कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

(प्रो. रा.गा. मुरलीकृष्ण)
कुलसचिव

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:-**

1- कुलपति कार्यालय, के.सं.वि. दिल्ली।
2- कुलसचिव कार्यालय, के.सं.वि. दिल्ली।
3- निदेशक, समस्त परिसर, के.सं.वि.।
4- समस्त विभाग/अनुभाग, के.सं.वि. मुख्यालय।
5- सम्बद्ध संचिका।